बलरामपुर पुलिस

# साइबर ठगी के 64 हजार पुलिस ने कराए वापस

**संवादसूत्र.जागरण, श्रीदत्तगंज :** पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 64 हजार रुपये वापस दिलाए हैं। पीड़ित के बैंक खाते से यह राशि फेसबुक चलाते समय गलती से एक एपीके फाइल डाउनलोड होने के बाद निकल गई थी। थानाध्यक्ष अविरल शुक्ल ने बताया कि पीड़ित चमरूपुर गांव निवासी सोनू ने 17 जून को साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही थाना श्रीदत्तगंज की साइबर हेल्प डेस्क सक्रिय हो गई। हेल्प डेस्क ने तत्काल संबंधित बैंक अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया और ठगी गई राशि को आरोपी के बैंक खातों में होल्ड करवा दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश के बाद संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर पीड़ित सोनू के नाम से 64 हजार रुपये वापस कराए हैं।